Dominic Perrottet
Premier of NSW

Brad Hazzard
Minister for Health

मीडिया प्रकाशन

सोमवार, 20 अप्रैल, 2022

COVID परिस्थितियों पर अपडेट (नवीनतम जानकारी)

न्यू साउथ वेल्स सरकार ने आज घोषणा की है कि पुष्टि हो चुके COVID-19 के किसी मामले में करीबी संपर्कों को एकांतवास करने की आवश्यकता नहीं होगी, बशर्ते कि वे न्यू साउथ वेल्स स्वास्थ्य विभाग के दिशानिर्देशों का पालन करें।

पाज़िटिव मामलों के लिए कोई बदलाव नहीं किए गए हैं: पाज़िटिव RAT या PCR परिणाम दर्ज करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए सात दिनों के एकांतवास की आवश्यकता अभी भी लागू रहेगी।

शुक्रवार 22 अप्रैल को शाम 6 बजे से, करीबी संपर्क (जिस की परिभाषा है एक ही घर में रहने वाला संपर्क या न्यू साउथ वेल्स स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक करीबी संपर्क माने जाने वाले व्यक्ति) को एकांतवास नहीं करना होगा, बशर्ते उनमें कोई लक्षण न हों और वे नीचे दिए गए दिशानिर्देशों का पालन करते हैं:

- वृद्ध देखभाल, अस्पतालों, विकलांगता और कारावास सुविधाओं (correctional facilities) में **नहीं जाना है** जब तक कोई विशेष छूट न लागू होती हो;
- घर के अलावा अन्य अंदरूनी क्षेत्रों में चहरे पर मास्क पहनना;
- जहां तक व्यावहारिक रूप से संभव हो, उनके घर के बाहर के लोगों के निकट संपर्क में आने से पहले दैनिक RAT परीक्षण करना;
- जहां भी संभव हो, बुज़ुर्गों और इमियूनो-कॉम्परोमाइज़ड (कमज़ोर रोग-प्रतिरोधक क्षमता वाले) लोगों के संपर्क से परहेज़ करना;
- जहाँ व्यावहारिक रूप से संभव हो, घर से काम करना;
- अपने नियोक्ता / शिक्षा परिसर को सूचित करना कि वे एक करीबी संपर्क हैं, और जब तक वे उपरोक्त का पालन कर रहे हैं, उन्हें एकांतवास करने की आवश्यकता नहीं है।

उनके घर में रहने वाले किसी व्यक्ति के पाज़िटिव COVID-19 परीक्षण करने के बाद 7 दिनों तक, करीबी संपर्कों को ऊपर बताए गए दिशानिर्देशों का पालन करने की आवश्यकता होगी।

सार्वजनिक स्वास्थ्य के उन अध्यादेशों को हटा दिया जाएगा जिनमें अहम कर्मचारियों के लिए टीकाकरण करवाना अनिवार्य होता है, टीकाकरण की आवश्यकताएं अब अन्य न्यायालयों के अनुसार ही, व्यावसायिक कार्य, स्वास्थ्य और सुरक्षा (occupational work health and safety) के आधीन किए जाने वाले ख़तरे के मूल्यांकन पर आधारित होंगी। वृद्ध देखभाल और विकलांगता श्रमिकों के लिए टीकाकरण की आवश्यकता वाले आदेश अभी भी लागू रहेंगे।

आने वाले हफ्तों में इसके विवरणों को अंतिम रूप देने के लिए संबंधित हितधारकों से परामर्श किया जाएगा।

इन परिवर्तनों का मतलब यह होगा कि अहम कर्मचारियों को अब आइसोलेशन नियमों से छूट की आवश्यकता नहीं होगी। हालाँकि, निकट संपर्कों को अभी भी COVID-19 सुरक्षा के उन उपायों का पालन करने की आवश्यकता होगी जो नियोक्ताओं ने अपने कार्यस्थल में लागू किए हुए हैं।

30 अप्रैल 2022 से, विदेशों से लौटने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्री, जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है, उनको अब होटल क्वारंटाइन करने की आवश्यकता नहीं होगी। पूरी तरह से टीकाकरण वाले यात्रियों के लिए लागू वर्तमान आवश्यकताएं,

जिनमें आगमन के 24 घंटों के भीतर रैपिड एंटीजन परीक्षण करवाना और न्यू साउथ वेल्स स्वास्थ्य विभाग के दिशानिर्देशों का अनुपालन शामिल है, इन आवश्यकताओं को अब उन यात्रियों पर भी लागू कर दिया जाएगा जिन्होंने टीकाकरण नहीं करवाया है।

सार्वजनिक यातायात साधनों के अंदर लोगों की सीमा को भी ख़त्म कर दिया जाएगा, सार्वजनिक परिवहनों, हवाई जहाज़ों और हवाई अड्डों और क्रूज टर्मिनलों के अंदरूनी स्थानों में मास्क पहनने की आवश्यकता अभी भी बनी रहेगी।

न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर Dominic Perrottet ने कहा कि करीबी संपर्कों के लिए एकांतवास नियमों को हटाना, सामान्य ज्ञान वाला एक परिवर्तन था जो हमें महामारी से बाहर, आगे बढ़ने में मदद करेगा।

"एकांतवास के ये नियम आवश्यक थे, लेकिन धन्यवाद है हमारी उच्च टीकाकरण दरों को, कि हम आज घोषणा किए गए परिवर्तन कर सकते हैं," श्री Perrottet ने कहा।

"यह कई श्रमिकों और व्यवसायों को तत्काल राहत प्रदान करेगा जो श्रमिकों की कमी से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं क्योंकि लोगों को एकांतवास करने के लिए मजबूर किया जाता है क्योंकि वे घरेलू संपर्क हैं।"

"जैसे-जैसे महामारी विकसित हुई है, उसी तरह हमारी प्रतिक्रिया भी विकसित हुई है, और यह एक और उदाहरण है जहां हम एक सुरक्षित और सोचे-समझे तरीके से आवश्यक परिवर्तन करने में सक्षम हुए हैं।"

स्वास्थ्य मंत्री Brad Hazzard ने कहा कि लोगों को अभी भी समाज के कमज़ोर तबके के सदस्यों की सुरक्षा के लिए सावधानी बरतने की ज़रूरत है।

"हम अभी भी एक महामारी की चपेट में हैं और हाथों की स्वच्छता, सामाजिक तौर पर जब दूरी न बनाई जा सके तो मास्क पहनना और आपके अंदर लक्षण होने पर घर में ही रहने वाले बुनियादी नियम अभी भी लागू होते हैं, " श्री Hazzard ने कहा।

"सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि आपके अंदर अभी भी लक्षण हैं, तो आपको किसी बुज़ुर्ग देखभाल सुविधा, अस्पताल या किसी बुज़ुर्ग रिश्तेदार के पास नहीं जाना चाहिए।"

इन परिवर्तनों के अनुसार ही, न्यू साउथ वेल्स सरकार टर्म 2 की शुरुआत से पहले स्कूल की परिस्थितियों को अंतिम रूप देने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ काम कर रही है, और इस संबंध में आने वाले दिनों में और जानकारी जारी की जाएगी।

सर्दियों की तैयारी करते हुए, न्यू साउथ वेल्स सरकार यह सुनिश्चित करना जारी रखेगी कि कमज़ोर तबके के समूह, जिनमें विकलांग लोग, बच्चे और घर के बाहर की देखभाल (out-of-home care) में रह रहे युवा, कमज़ोर तबके के सांस्कृतिक और भाषाई विभिन्नता (CALD) वाले समुदाय और आदिवासी समुदाय शामिल हैं, उनकी सुरक्षा में सहायता करने के लिए रैपिड एंटीजन टेस्ट (RAT) उपलब्ध हैं।

ये RAT (रैपिड एंटीजन टेस्ट) डिपार्ट्मन्ट ऑफ कॉमियूनिटीज़ और जस्टिस स्ट्राँगर कॉमियूनिटीज़ एजेन्सीज़ द्वारा व्यक्तियों और संबंधित सेवा प्रदाताओं को वितरित किए जाएंगे।

16 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोग किसी भी COVID-19 वैक्सीन की दूसरी खुराक प्राप्त करने के तीन महीने बाद अपनी बूस्टर खुराक प्राप्त कर सकते हैं। आप अपनी COVID-19 वैक्सीन या अपना बूस्टर शॉट www.nsw.gov.au/covid19/vaccination/get-vaccinated के माध्यम से बुक कर सकते हैं।

अधिक जानकारी nsw.gov.au पर उपलब्ध है।

मीडिया: Ian Paterson | Premier | 0438 748 501
Nicolette Kormendy | Minister Hazzard | 0429 064 89